# बड़वानी





## सड़क हादसे में 3 घायल,रैफर किया



**पानसेमल।** थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में 3 गंभीर घायल हुए, जिसका प्राथमिक उपचार कर रैफर किया है। घटना की सूचना के बाद मौके पर परिवार सोसायटी की एंबुलेस पहुंची। एंबुलेंस चालक मोहन बर्डे एवं अटेंडर तेरु मोरे पहुंचे और घायल को अस्पताल पहुंचाया। घटना में सर्विन लुलिया निवासी मोयदा, रविंद्र ब्रिजलाल, पवन शिवराम निवासी चिचलिया पाडल्या घायल हुए हैं। 108 एंबुलेंस आने में देरी होने से परिजनों में नाराजगी भी दिखाई दी। जिसके बाद परिवार सोसायटी की एंबुलेस से सर्विन लुलिया को जिला अस्पताल पहुंचाया। सीएचसी पर डॉक्टर लालू झीलें ने स्टॉफ के साथ उपचार किया। घटना मौयदा के पास होना बताया गया है। वहीं हादसा कैसे हुआ यह पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

## शताब्दी-अंतिम को पीएचडी व राधिका को मेडल



**बड़वानी।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शभीना शास स्नातकोत्तर महाविद्यालय के कॅरियर सेल कार्यकर्ताओं करियर मित्रों, द्वारा देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर के दीक्षांत समारोह में 17 फरवरी को मध्यप्रदेश के माननीय राज्यपाल और कुलाधिपति मंगुभाई पटेल के कर-कमलों से पीएचडी की उपाधि और गोल्ड मैडल प्राप्त किए जाएंगे। प्राचार्य डॉ सत्य ने कॅरियर सेल को बधाई देते हुए कार्यकर्ताओं के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। कार्यकर्ता डॉ प्रीति गुलवानिया ने बताया कि डॉ शताब्दी अगल्चा और डॉ अंतिम मौर्य को इतिहास में पीएचडी की उपाधि प्राप्त होगी। दोनों ने इतिहासकार डॉ पुष्पलता खरे के निर्देशन में शोध कार्य सम्पन्न किया है। वहीं डॉ शताब्दी ने सीरवी समाज का इतिहास और दीवान पद परम्परा का योगदान विषय पर तथा डॉ अंतिम मौर्य ने भारत छोड़ो आन्दोलन के बड़वानी जिले के स्वतंत्रता सेनानी विषय पर अनुसंधान किया है। वहीं राधिका प्रजापति ने एमए इतिहास में देवी अहिल्या विश्वविद्यालय की मेरिट लिस्ट में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है। टॉपर बनने के उपलक्ष्य में राधिका को स्वर्ण पदक मिलेगा।

## प्रदेश के राज्यपाल का दौरा कार्यक्रम

**बड़वानी।** प्रदेश के राज्यपाल मंगू भाई पटेल 16 फरवरी को दोपहर 2 बजे जिले के ग्राम नांगलवाड़ी पहुंचकर नांगलवाड़ी भिलट देव मंदिर में दर्शन एवं पूजा-अर्चना करेंगे। दोपहर 3.10 बजे राज्यपाल ग्राम नांगलवाड़ी में आयोजित हर ग्राम एक काम कार्यक्रम शुभारंभ एवं सिकल सेल एनीमिया हेल्थ चेकअप कैम्प में सम्मिलित होंगे। राज्यपाल शाम 4.25 बजे हेलीकॉप्टर से इंदौर के लिए रवाना होंगे।

# बजट सत्र में बड़वानी के मुद्दों की रहेगी गूंज, विधायकों ने पूछे सवाल

### कफसीरप कांड, घटिया सीवेज लाइन निर्माण, चाचरिया को तहसील बनाने के मुद्दों पर जिले की जर्जर आंगनवाड़ी पर सरकार को घेरेंगे विधायक

**बड़वानी, ( नवभारत )।** मध्यप्रदेश विधानसभा के मौजूदा सत्र में विधायकों द्वारा बड़ी संख्या में प्रश्न लगाए गए हैं, लेकिन जब इन सवालों को जिलेवार देखा जाए तो बड़वानी जिले के विधायकों की सक्रियता साफ दिखाई देती है। करीब 15 लाख की आबादी वाले इस जिले की तस्वीर यह है कि हर साल विधानसभा, बजट भाषणों और मंचों से विकास के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत आज भी वहीं पुरानी है। बिजली, पानी, सडक्, स्वास्थ्य, शिक्षा व रोजगार जैसी मूलभूत समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं।

चार विधानसभाओं बड़वानी, राजपुर, सेंधवा और पानसेमल के विधायकों ने 16 फरवरी से 6 मार्च तक प्रस्तावित बजट सत्र 2026 के लिए कुल 108 प्रश्न लगाए हैं। इनमें सेंधवा विधायक मोंटू सोलंकी ने 18, राजपुर विधायक बाला बच्चन ने 44, बड़वानी विधायक राजेन मंडलोई ने 43 और पानसेमल विधायक श्याम बरडे ने 3 प्रश्न लगाए हैं। सवालों की संख्या जरूर प्रभावशाली है, लेकिन सवाल यह भी है कि इन प्रश्नों के बाद जमीनी स्तर पर कितना बदलाव नजर आता है।

### नशे का कारोबार मुद्दे शामिल



बड़वानी विधायक राजन मंडलोई ने अपने दो साल के कार्यकाल में विधानसभा में करीब 130 प्रश्न पूछकर जनहित के कई अहम मुद्दे उठाए हैं। इनमें सरदार सरोवर डूब क्षेत्र के प्रभावितों का पुनर्वास, मनरेगा, शिक्षा, पेयजल, विद्युतीकरण, किसानों को खाद वितरण, पाटी-सिलावद में उपमंडी की मांग, छात्रवृत्ति, स्टेशनरी वितरण, स्कूलों में शिक्षकों की कमी और अतिथि शिक्षकों के वेतन जैसे विषय प्रमुख रहे हैं। आगामी बजट सत्र के लिए विधायक ने 43 प्रश्न लगाए हैं। इनमें जानलेवा कफसिरप, भागीरथपुरा में दूषित पेयजल से मौत, घटिया सीवेज निर्माणए अंजड नाका से सरस्वती अस्पताल तक डिवाइडर रोड पर पक्का नाला, आंगनवाड़ी भवनों की कमी, राशन वितरण में अनियमितता, नर्मदा प्रदूषण, ओलावृष्टि से किसानों के नुकसान का मुआवजा और बढ़ते नशे का कारोबार जैसे गंभीर मुद्दे शामिल हैं।

### स्कूलों में शिक्षकों की कमी



सेंधवा विधायक मोंटू सोलंकी आगामी विधानसभा बजट सत्र को लेकर पूरी तैयारी में हैं। विधायक बनने के बाद से वे लगातार जनहित के मुद्दे विधानसभा में उठाते रहे हैं। अब तक वे 154 प्रश्न, 56 याचिकाएं, 20 ध्यानाकर्षण, 12 स्थगन प्रस्ताव और 8 शून्यकाल के मुद्दे उठा चुके हैं। विधायक सोलंकी ने बताया कि उन्होंने पूर्व में मां नर्मदा का पानी सेंधवा लाने की योजना, वन अधिकार पट्टे, औद्योगिक क्षेत्र, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, मेडिकल कॉलेज, खेल अकादमी, भवरगढ़ किले को स्मारक का दर्जा, चाचरीया को तहसील टप्पा बनाने और ग्रामीण क्षेत्रों तक नर्मदा जल पहुंचाने जैसे मुद्दे उठाए हैं। आगामी बजट सत्र में वे 18 प्रश्न लगाएंगे, जिनमें अधूरी नहरें, किसानों की सिंचाई समस्या, शासकीय स्कूलों में शिक्षकों की कमी, अतिथि शिक्षकों का मानदेय और जर्जर विद्यालय भवन प्रमुख रहेंगे।

### दो लाख कागजों की फोटोकॉपी



राजपुर विधायक बाला बच्चन लगातार विधानसभा में जनहित के मुद्दे उठाने के लिए चर्चित रहे हैं। फरवरी 2024 से फरवरी 2026 तक वे बजट सत्र सहित कुल 230 प्रश्न पूछ चुके हैं। मोहन यादव सरकार के अब तक हुए सभी सत्रों में उनके द्वारा लगाए गए प्रश्नों के उत्तर भी प्राप्त हुए हैं। 16 फरवरी से शुरू हो रहे। आगामी बजट सत्र में विधायक बाला बच्चन 44 प्रश्न पूछेंगे। 12 दिन के इस सत्र में वे प्रतिदिन चार प्रश्न उठाने की तैयारी में हैं। इससे पहले विधानसभा में उनके एक सवाल ने अधिकारियों को असमंजस में डाल दिया था। फूड एवं न्यूट्रीशन सिक्योरिटी योजना के तहत चार वर्षों में किसानों को जारी भुगतानों की जिलेवार, नामवार और बैंक विवरण सहित जानकारी मांगी गई थी। इस एक प्रश्न के उत्तर में करीब पौने दो लाख कागजों की फोटोकॉपी करनी पड़ी, जिनका वजन लगभग 35 किलो बताया गया।

### नल-जल योजना में घटिया सामग्री



पानसेमल विधानसभा से पहली बार निर्वाचित विधायक श्याम बरडे ने बताया कि अपने दो साल के कार्यकाल में उन्होंने विधानसभा में तीन प्रश्न पूछे हैं। आगामी बजट सत्र में भी वे तीन अहम जनसमस्याओं को सदन में उठाने की तैयारी में हैं। विधायक बरडे ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों के जर्जर भवन, भवनों की कमी और नए आंगनवाड़ी केंद्र व भवन निर्माण की मांग प्रमुख रूप से रखी जाएगी। दूसरे प्रश्न में नल-जल योजना में घटिया सामग्री से हुए निर्माण की जांच और ठेकेदार पर कार्रवाई की मांग उठेगी। तीसरा प्रश्न क्षेत्र के टोल प्लाजा से जुड़ी जनसमस्या को लेकर होगा।

**15 लाख की आबादी**

- बड़वानी जिले की आबादी लगभग 15 लाख है।

# भक्तिभाव से मनाई शिवरात्रि, मंदिरों में उमड़ा भक्तों का सैलाब

**नवभारत न्यूज़**
**निवाली सचिन शितोल, 16 फरवरी.**



नगर में शिवरात्रि धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर नगर के पलसूद रोड़ स्थित शिवटेकडी में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। पलसूद रोड़ स्थित पीपलेश्वर महादेव मंदिर में भक्तों द्वारा दर्शन कर प्रसादी लाभ लिया गया। साथ ही खेतिया रोड़ स्थित मनोकामनेश्वर महादेव मंदिर पर भी भक्तों की भीड़ सुबह से ही लगी रही। वहीं नगर से 6 किमी दूर ग्राम वझर में 1008 शिवलिंग वाला प्राचीन शिवलिंग के दर्शन लाभ के लिए भक्तों ने सुबह से ही कतार में खड़े रहे। नगर से 7 किमी दूर ग्राम फुलजवारी के प्राचीन शिव लिंग मंदिर में बारह मास पानी में विराजित शिवलिंग के दर्शन के लिए हजारों की संख्या में भक्त कतार में दिखाई दिए। दर्शन के लिए आ रहे भक्तों को प्रसादी एवं चाय की व्यवस्था भी फुलजवारी मंदिर में की गई। भक्तों के विश्राम एवं प्रसादी ग्रहण करने के लिए टेंट भी लगाया गया।

वझर के सरपंच माना सिसोदिया एवं रतनसीह पटेल ने बताया कि वझर में बहुत सारी प्राचीन मूर्तियां स्थापित है। यहां एक शिवलिंग है, जो चार फीट लंबा गोल आकर का है जिसमें 1008 शिवलिंग बने हैं जो काफी आकर्षण का केंद्र है। दूर-दूर से लोग इस शिवलिंग के दर्शन के लिए आते हैं। इसमें सबसे बड़ी बात यह है कि इस शिवलिंग के एक अभिषेक से 1008 शिवलिंग का अभिषेक होता है, जिससे भक्तों को 1008 शिवलिंग के अभिषेक का पुण्य लाभ मिलता है।

फुलज्वारी के सरपंच ने बताया कि यह बहुत प्राचीन शिवलिंग है जो कई वर्षों से पानी में ही रहता ही यह शिवलिंग पातालेश्वर महादेव के नाम से भी जाना जाता है जो बारह महीने पानी में रहता है एवं यहां एक ब्रह्माजी की मूर्ति भी स्थापित है, जिसका मंदिर मात्र पुष्कर में स्थित है। इस प्राचीन मंदिर के दर्शन के लिए बहुत दूर-दूर से लोग आते हैं। यहां भक्तों को आकर काफी अच्छा लगता है, भक्त यह दर्शन के बाद भी देर तक बैठे रहते हैं। उन्हें इस मंदिर में बहुत सुकून मिलता है। वहीं वझर मंदिर में मेले में हरकंगन, खजूर, गुड़, जलेबी, खिलौने एवं झूले आकर्षण का केंद्र बने रहे। लोगों ने मेले में खूब खरीदी की। पलसूद रोड़ स्थित शिवलिंग आकर में बने शिवमंदिर में सुबह से ही हजारों की संख्या में भक्तों ने दर्शन किए बोल बम के नारे से पूरा नगर गूंज उठा। साथ ही शिवटेकडी शिव मंदिर शिवलिंग के आकर में होने से सज्जा में काफी आकर्षक लग रहा है। लोग इसे सुंदर मंदिर को निहारते रहे। हजारों की संख्या में भक्तों ने दर्शन किए।

### पुलिस रही मुस्तैद

गुड़िया रोड़ स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में शिव मंदिर में भी मंदिर की साज-सज्जा की गई। सुबह से भक्तों ने दर्शन किए शिव जी की पूजा-अर्चना की। पंचमुखी हनुमान मंदिर में सुबह से आकर्षक आरती कर भक्तों ने प्रसादी वितरित की। धोबड़िया स्थित शिव मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा।

## एक नजर में

### इंस्ट्रूमेंटल म्यूजिक बैंड का आयोजन आज

**इंदौर .** दी बायोप्सी डायग्नोस्टिक सेंटर एवं कॉस्मो डेंटल क्लीनिक द्वारा आयोजित पर्ल्स ऑफ म्यूजिक के तहत इंस्ट्रूमेंटल म्यूजिक बैंड का आयोजन 15 फरवरी को शाम 5 बजे रवीन्द्र नाट्य गृह के सभागृह में सम्पन्न होगा . कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कमिश्नर डॉ .सुदाम पी .खाड़े इंदौर होंगे . विशेष अतिथि डॉ .आर . आर .पटेल, संयुक्त संचालक, जनसंपर्क संचालनालय मध्यप्रदेश, भोपाल होंगे . संचालन आशीष दबे भोपाल करेंगे . वाद्य संगीत की संध्या में आप सुनेंगे सितार मनोज बाबरा, सैक्सोफोन – श्री सिद्धार्थ, हवाइयां गिटार – पंडित निरंजन हलधर, एकॉस्टिक गिटार, माउथ ऑर्गन मृणाल व्यास, इलेक्ट्रिक गिटार आशुतोष वर्मा, बास गिटार पीयूष मनकर, कीबोर्ड कृष्णा वारूदकर, पैनो अक्षय, सिंथेसाइजर अर्जुन सराफ, तबला ढोलक अनूप राजे, ड्रम कृष्णा सोनी, ऑक्टोपैड कृष्णा सोनी, मिनी केजोन मृणाल व्यास, साइड परक्यूशन 1, 2 एवं 3 संगीत गुरु श्री मृणाल व्यास, पैनो पर खास प्रस्तुति देंगी डॉ .रीतिमा गुप्ता .

### भक्तों को तुलसी एवं बिल्व पत्र के पौधे किए भेंट



**इंदौर .** संस्था शिवादीप के तत्वावधान में महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में नवलखा स्थित कार बाजार परिसर में विधायक गोलू शुक्ला के मुख्य आतिथ्य में सनातन धर्मावलम्बियों को तुलसी एवं बिल्व पत्र के 500-500 पौधे भेंटकर उन्हें अपने घर आँगन, बालकनी एवं उपयुक्त स्थान पर रोपने के लिए संकल्प भी दिलाए गए . पार्षद मृदुल अग्रवाल की अध्यक्षता में इस अवसर पर संस्था शिवादीप के प्रमुख संदीप गोयल, राहुल बंटी, नितेश अग्रवाल, सुरेश गोयल, हितेश गोयल, अजय राठी, रितेश विरांग, दीपेन्द्र सिंह सोलंकी, जानी सिरसिया एवं रंजना ताई सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के रहवासी एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे . सभी साथियों को विधायक गोलू शुक्ला ने महाशिवरात्रि पर भगवान शिव पार्वती की पूजा अर्चना करने और श्रमिक बस्तियों में फलाहार वितरण करने का संकल्प भी दिलाया .

### नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**इंदौर .** बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन एवं माँ चमेली देवी आरोग्य सेवा, चमेली देवी इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी द्वारा स्वर्गीय नीना देवी अग्रवाल की स्मृति में विशाल नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन शासकीय माध्यमिक विद्यालय, असरावद खुर्द में किया गया . शिविर में 500 से अधिक ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का लाभउठाया . डॉ . अरुण कुमार गुप्ता, प्राचार्य, चमेली देवी इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी ने स्वागत उध्बोधन दिय . इस अवसर पर चमेली इंस्टीट्यूशन की कार्यकारी अधिकारी अनुशा अग्रवाल ने स्वर्गीय नीना देवी अग्रवाल की स्मृति में भावपूर्ण शब्द व्यक्त करते हुए सेवा और करुणा की परंपरा को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया .

### पोवा कर्व 2 स्लिम ऑफिशियली लॉन्च हुआ

**इंदौर .** पोवा ने हमेशा स्मार्टफोन को पहचान का बैज माना है, जिसे खास तौर पर बोल्ड इंडियन स्पिरिट के लिए बनाया गया है . जहां ओरिजिनल पोवा कर्व ने अपने इनोवेटिव एस्थेटिक्स से नया ट्रेंड शुरू किया, वहीं पोवा कर्व 2 एक बड़ी छलांग है . स्पेसक्राफ्ट इंजीनियरिंग की शानदार सटीकता से प्रेरित होकर, यह कूल फैक्टर को कुछ ज़्यादा शार्प और सोफिस्टिकेटेड बनाता है, एक लॉन्चपैड-रेडी डिज़ाइन जो भीड़ में सबसे अलग दिखने के लिए बनाया गया है . लॉन्च पर टेक्नो मोबाइल इंडिया के सीईओ, मिस्टर अरिजीत तलपात्रा ने कहा पोवा एक सीरीज़ के तौर पर हमेशा लिमिट्स को आगे बढ़ाने और यूज़र की असली दिक्कतों को हल करने के लिए जानी जाती है .

## शहर के समर्थ ने भारत का पहला सोलोटेक रोबोटिक जिम किया लॉन्च

- अमेरिका की रोबोटिक्स कंपनी में बनाया स्थान

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** शहर के युवा ने अमेरिका की रोबेटिक्स कंपनी में स्थान बनाया है. एक्रोपोलिस कॉलेज के विद्यार्थी समर्थ शुक्ला ने भारत का पहला सोलोटेक रोबेटिक जिम लांच किया है.

शहर के समर्थ शुक्ला वर्तमान में एक्रोपोलिस चतुर्थ वर्ष के छात्र हैं. उन्होंने हाल ही में अमेरिका की कैलिफ़ोर्निया स्थित अग्रणी रोबोटिक्स कंपनी सोलोटेक में फाउंडिंग इंजीनियर के पद पर कार्यभार संभाला है. उल्लेखनीय है कि सोलोटेक विश्व की प्रमुख तकनीकी कंपनियों मेटा और एनवीडिया की पार्टनर कंपनी है. समर्थ उन्नत



रोबोटिक्स और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं. उक्त तकनीक को इंदौर के विद्यार्थियों तक पहुंचाने की दिशा में भी सक्रिय हैं. हाल ही में उन्होंने भारत का पहला सोलोटैक रॉबेटिक जिम का लॉन्च किया. इसके अंतर्गत अमेरिका से आयातिटी छह जोड़ी अत्याधुनिक रोबोटिक आर्म्स स्थापित किए गए. इन रोबोटिक आर्म्स पर कॉलेज के विद्यार्थियों ने लगभग एक महीने तक कार्य किया.

## गृह निर्माण मंडल को स्टांप शुल्क चोरी के 19 करोड़ और भरना पड़ेंगे

- सरकार के एक विभाग ने दूसरे विभाग को लगा दिया चूना
- बकाया राशि 28 फरवरी तक जमा करने के आदेश
- हुकुमचंद मिल की जमीन मामले में कम जमा किया शुल्क

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** स्थानीय पंजीयन विभाग ने मध्यप्रदेश गृह निर्माण मंडल पर हुकुमचंद मिल की जमीन में स्टाम्प शुल्क चोरी के मामले में 19 करोड़ रुपए से ज्यादा राशि जमा करने आदेश दिए है. उक्त 19 करोड़ की राशि 28 फरवरी तक जमा करने का समय दिया है. विशेष बात यह है कि हुकुमचंद मिल की जमीन का मध्यप्रदेश गृह निर्माण मंडल ने 489.89 करोड़ का सौदा किया था और नगर निगम ने 218 करोड़ के रजिस्ट्री करवाई. इस तरह सरकार के एक विभाग ने दूसरे विभाग को स्टाम्प शुल्क काम चुकाकर नुकसान पहुंचाया.

**जांच में सही निकला मामला**

वरिष्ठ जिला पंजीयक क्षेत्र 3 के राठौड़ ने हुकुमचंद मिल की रजिस्ट्री में स्टाम्प शुल्क कम जमा करने का मामला सही पाया है. गृह निर्माण मंडल को 19 करोड़ 5 लाख रुपए से ज्यादा स्टाम्प ड्यूटी जमा करने के आदेश जारी कर दिया है. साथ ही 2% ब्याज एवं पेनल्टी भी लगाई है. 28 फरवरी तक उक्त राशि जमा कारण के आदेश दिए हैं. मप्र के इतिहास में यह सबसे अनोखा मामला है, जिसमें एक विभाग ने दूसरे विभाग को नुकसान पहुंचाया और वसूली का आदेश दिया.

मामला इस प्रकार है कि हुकुमचंद मिल की देनदारियां निपटाने के लिए सरकार ने नगर निगम की जमीन बेचने की अनुमति दी थी. उक्त जमीन को मध्यप्रदेश गृह निर्माण मंडल को नगर निगम ने 489.89 करोड़ में विक्रय किया. सरकार ने उक्त राशि से हुकुमचंद मिल की देनदारियां चुकाई गई. गृह निर्माण मंडल ने नगर निगम से 23 मार्च 2025 को अपने पक्ष में रजिस्ट्री करवाई. नगर निगम ने हुकुमचंद मिल की जमीन की 218 करोड़ रुपए बताकर की थी. उक्त मामले में प्रदेश कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता और अधिवक्ता प्रमोद कुमार द्विवेदी ने मय दस्तावेज लोकायुक्त पुलिस, आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो, महानिरीक्षक पंजीयन तथा वरिष्ठ जिला पंजीयक क्षेत्र 3 इंदौर को शिकायत की थी. एड्वोकेट प्रमोद कुमार व्दिवेदी ने शिकायत के साथ हाईकोर्ट का आदेश, संपत्ति ब्यौरा, संपत्ति के फोटो तथा अन्य जानकारी भी दी थी. शिकायत के आधार पर वरिष्ठ जिला पंजीयक समरथमल राठौड़ ने प्रकरण दर्ज कर नोटिस दिया। नगरनिगम एवं गृह निर्माण मंडल ने मामले में जवाब प्रस्तुत किए. शिकायतकर्ता व्दिवेदी के सबूत सही पाए गए.

## विभिन्न प्रतियोगिताओं के बच्चे होंगे पुरस्कृत

- आज पुस्तक मेले का अन्तिम दिन

इन्दौर. गांधी हॉल में समय इंडिया नई दिल्ली की ओर से जारी राष्ट्रीय पुस्तक मेला की समाप्ति का अन्तिम दिन रविवार होगा. मेले में आने की समयावधि दोपहर 12 बजे से रात्रि 9 बजे के बीच तय है. पुस्तक मेले में स्टॉल्स पर प्रदर्शित पुस्तकों के प्रकाशकों एवं पुस्तक-विक्रेताओं ने अंतिम समय-सीमा के भीतर पुस्तकें पाठकों को उपलब्ध कराने के लिए अब पुस्तकों की खरीद पर छूट की दरें थोड़ी और बढ़ा दी हैं. दरअसल वो चाहते हैं कि अधिक से अधिक किताबें पुस्तक-प्रेमियों के हाथों में जाएं।




राष्ट्रीय पुस्तक मेले में जहां अंग्रेजी भाषा में लिखी पुस्तकों के कई स्टॉल्स लगे हुए हैं। वहीं एक स्टॉल ऐसा भी है जहां भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों पर लिखी कई पुस्तकें उपलब्ध हैं. पुस्तक मेले में बच्चों के लिए जारी विभिन्न प्रतियोगिताओं की कड़ी में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता सम्पन्न हुई. इस प्रतियोगिता में विभिन्न वेशभूषा में सजे बच्चों ने जहाँ मेले को अनेकता में एकता के रंग में रंगा वहीं विभिन्न व्यक्तित्वों को अपने विविध परिधानों से प्रदर्शित कर जीवंत किया।

## एनीमिया जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर राज्यपाल 17 को करेंगे जागरूकता अभियान का शुभारंभ

- इंदौर के लिए होगा एनीमिया जन जागरूकता में गौरव का आगाज

इंदौर. एनीमिया आज देश में गर्भवती महिलाओं, किशोरियों और बच्चों के बीच तेजी से फैलती एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या है. बतौर डॉ एके द्विवेदी, मानव शरीर में खून की कमी होने पर व्यक्ति को थकान, चक्कर, कमजोरी, ध्यान की कमी और कार्यक्षमता में गिरावट जैसी समस्याएँ होने लगती हैं. समय पर पहचान और सही पोषण न मिलने पर यह समस्या और गंभीर रूप ले सकती है। इसी उद्देश्य से समाज को जागरूक करने के लिए एनीमिया जागरूकता रथ के माध्यम से एक व्यापक जन-जागरूकता अभियान प्रारंभ किया जा रहा है, जिसका शुभारंभ 17 फरवरी को इंदौर में किया जाएगा. इस अवसर पर राज्यपाल मंगु भाई पटेल, मध्य प्रदेश एनीमिया जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर अभियान का विधिवत शुभारंभ करेंगे.

साथ में सांसद शंकर लालवानी, विधायक गण एवं कुलगुरु देवी अहिल्या विश्विद्यालय इंदौर, डॉ वैभव चतुर्वेदी डॉ कनक चतुर्वेदी डॉ अथर्व द्विवेदी एवं श्रीमति सरोज द्विवेदी दीपक उपाध्याय एव विनय पांडेय रहेंगे, जो रथ यात्रा के संचालन में सहयोग करते हैं. यह अभियान सांसद सेवा प्रकल्प इंदौर एवं आयुष मेडिकल वेलफेयर फाउंडेशन तथा एडवांस्ड होम्योपैथिक सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है. हर वर्ष फरवरी से मार्च माह में संचालित होने वाले इस अभियान के अंतर्गत चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े छात्र-छात्राएं और स्वयंसेवक घर-घर जाकर लोगों को एनीमिया के लक्षण, कारण, बचाव और उपचार संबंधी जानकारी देंगे. विशेष रूप से लौह तत्व युक्त आहार, हरी सब्जियों, दालों, गुड़, चना और पौष्टिक भोजन के महत्व पर जोर दिया जाएगा।

**एक नजर में** फूल तुम्हें भेजा है खत में गोष्ठी का आयोजन

## प्रेम के गुलाबी महीने में महकीं वामा सखियां

**इंदौर .** प्रेम और स्नेह के प्रतीक फरवरी माह के गुलाबी माहौल के बीच, वामा साहित्य मंच द्वारा एक बेहद खूबसूरत और भावनात्मक मासिक गोष्ठी का आयोजन किया गया . इस बार का विषय बेहद अनूठा था फूल तुम्हें भेजा है खत में, जिसने डिजिटल युग की भागदौड़ के बीच चिट्ठियों की पुरानी और नाजुक परंपरा को जीवंत कर दिया .

कार्यक्रम का विधिवत प्रारंभ आशीष होरा द्वारा मधुर सरस्वती वंदना के साथ हुआ . मंच की अध्यक्ष ज्योति जैन ने स्वागत उद्बोधन में सभी वामा सखियों को अपनी शक्ति बताया और प्रेम की एक अनूठी परिभाषा देते हुए कहा कि मरने के बाद तो सभी कांधा देते हैं, प्रेम वही जो जीते जी कांधा दे . इस विशेष गोष्ठी में वामा सखियों ने अपने-अपने घरों पर बैठकर



प्रेम और संवेदनाओं से भीगी हुई जो प्रेम-पातियां लिखी थीं, उनका वाचन किया गया . इसमें किसलय पंचोली ने पति के साथ को 43 वर्ष पुरानी चांदनी रात के रूप में वर्णित किया, वहीं आशा मानधन्या ने पुराने प्रेमपत्र का वाचन किया . वंदना पुणतांबेकर ने पहली बार प्रेमपत्र लिखा, डॉ . रेखा मण्डलोई ने पहली नज़र के प्रेम को शब्दों में पिरोया, अंजना सक्सेना ने पति के लिए भावनाओं में डूबा पत्र सुनाया और नेहा जैन ने श्री राधा-कृष्ण के लिए पत्र लिखा . उषा गुप्ता ने पति की जुदाई पर, नीरजा जैन ने स्वप्रेम पर, और रजनी जैन ने स्वर्गीय पति की हौंसला अफजाई पर भावुक पत्र लिखा . रितु चौरड़िया ने गुदगुदाती पाती पढ़ी, स्वीटी टुटेजा ने सचमुच प्रेम पत्र में फूल भेजा, काजल मजूमदार ने पति को शायरी समर्पित की, करूणा प्रजापति ने मोर के ग्रिटिंग पर पत्र लिखा और वैजयंती दाते ने परिपक्व प्रेम पर पत्र पढ़ा . साथ ही, तारा जैन, सुनीता दुबे, अनुपमा गुप्ता और कल्पना राठौर ने अत्यंत भावपूर्ण अंदाज़ में स्नेह से पगे पत्र प्रस्तुत किए .